Title: Need to provide Boeing aircrafts service in Jabalpur airport, Madhya Pradesh.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मेरा अनुरोध सुना, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सरकार का ध्यान जबलपुर, मध्य प्रदेश विमानतल की ओर ले जाना चाहती हूं। जबलपुर विमानतल का करोड़ों की लागत से विस्तार किया गया है, परन्तु राष्ट्रीय हवाई मार्ग एवं बोइंग विमान-सेवा न उपलब्ध होने के कारण हवाई यातायात के पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

वर्तमान में जो हवाई-सेवा जबलपुर में उपलब्ध है, वह छोटा 13 सीटर डोनियर विमान है, जो आज भी वहां खराब पड़ा हुआ है। इस कारण यात्रियों को हमेशा पांच-पांच दिन तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। बड़े विमान के लिए यात्री भी उपलब्ध हैं, इसलिए जबलपुर में बोइंग विमान-सेवा की अत्यंत आवश्यकता है।

यदि यहां से दिल्ली, जबलपुर, रायपुर, भोपाल, नागपुर हवाई सेवा प्रारम्भ कर दी जाए तो यात्रियों को मुंबई, कलकत्ता, मद्रास और नागपुर से अनेक सेवाओं का लाभ मिल सकता है। जबलपुर में विश्व विख्यात पर्यटक स्थल है। उन क्षेत्रों में भी विकास हो सकता है।